# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 50 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 05 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## नाथद्वारा जिला अस्पताल से तीन दिन का नवजात चोरी, नर्सिंग ड्रेस में आई युवती पर गहराया संदेह

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, बहाने से बच्चे को लेकर हुई फरार, शहरभर में अलर्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ नाथद्वारा**

श्रीगोवर्धन राजकीय जिला अस्पताल सोमवार को उस समय सुर्खियों में आ गया जब एक तीन दिन का नवजात बच्चा चोरी हो गया। इस सनसनीखेज वारदात को एक युवती ने अंजाम दिया, जो नर्सिंग स्टाफ जैसी पोशाक में अस्पताल में घुसी और खुद को मेडिकल टीम का सदस्य बताकर बच्चे को लेकर गायब हो गई।




यह पूरा मामला दोपहर बाद का है। सुखाड़िया नगर निवासी प्रसूता बिंदिया पत्नी चेतन भील अपने नवजात के साथ जनाना वार्ड में भर्ती थीं। तभी एक अज्ञात युवती, जो नर्सिंग ड्रेस में थी, सीधे वार्ड में आई और बोली– ÷बच्चे की मेडिकल जांच करनी है।÷ साथ मौजूद सास और ननद ने यह समझा कि यह सामान्य प्रक्रिया है। युवती के साथ वे बाहर तक गई, तभी उसने उन्हें आधार कार्ड लाने भेजा और बच्चा लेकर मौके से फरार हो गई।

कुछ देर बाद जब परिजन लौटे और युवती को गायब पाया तो अस्पताल में हड़कंप मच गया। तुरंत नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि अस्पताल की ओर से ऐसी कोई जांच चल ही नहीं रही थी। इसके बाद श्रीनाथजी थाना पुलिस को सूचना दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर देखा गया कि युवती दो अन्य महिलाओं के साथ नवजात को लेकर अस्पताल से बाहर जाती नजर आ रही है।

पुलिस ने अस्पताल परिसर के अलावा आसपास के रास्तों, चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत संभावित सभी रास्तों पर चौकसी बढ़ा दी है। एक विशेष टीम फुटेज के आधार पर युवती और उसके साथियों की पहचान में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर नवजात को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

## कोटड़ी पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार, एक लाख की चांदी बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए घर में हुई चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में एक शातिर चोर बलवंत तेली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपये की चांदी की करगनी बरामद की है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित कन्हैयालाल तेली निवासी बीरधोल, जो मजदूरी के सिलसिले में इंदौर में रहते हैं, ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि 8 मार्च को उनकी विधवा मां खेत पर गई हुई थी। जब वे शाम को घर लौटीं तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। पेटी की तलाशी लेने पर पता चला कि उसमें रखे करीब सवा दो किलो चांदी की करगनियां, आधा किलो के पायजेब, तीन तोला सोने के रामनामी मांदलिया, एक छोटा मोबाइल फोन और 22 हज़ार रुपये नकद चोरी हो चुके थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। छानबीन के दौरान नामजद आरोपी बलवंत तेली के बारे में पता चला कि वह घटना के बाद से ही फरार था। लगातार निगरानी के बाद मुखबिर की सूचना पर उसे दस्तयाब किया गया। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का माल–एल करीब एक लाख रुपये कीमत की चांदी की करगनी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की जांच की जा रही है।

## जालिया गांव में जिन्दल शा की अवैध ब्लास्टिंग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, आत्मदाह की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जालिया गांव में जिन्दल शा कंपनी की ओर से की जा रही अवैध ब्लास्टिंग व खनन गतिविधियों के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर सड़कों पर नजर आया। बड़ी संख्या में किसानों और महिलाओं ने जिन्दल प्वाइंट पर पहुंचकर बारूद से भरी गाड़ियों को रोकते हुए ब्लास्टिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कंपनी को तुरंत ब्लास्टिंग बंद करने की मांग की और विरोध में आए एक टैंकर और दो पिकअप वाहनों को लौटा दिया। इस दौरान महिलाओं ने ÷पालना करो-पालना करो÷, ÷ब्लास्टिंग बंद करो-बंद करो÷ जैसे नारे लगाए। कई महिलाओं ने हाथों में पेट्रोल की बोतलें और ÷हमें आत्महत्या के लिए मजबूर मत करो÷ लिखे बैनर लेकर प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी जाहिर की।




### सांसद दामोदर अग्रवाल भी संसद में उठा चुके हैं मुद्दा

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में सांसद दामोदर अग्रवाल ने संसद में जालिया गांव में हो रही अवैध ब्लास्टिंग को तुरंत बंद कराने की मांग उठाई थी। इसके बावजूद प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे किसानों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया कि यदि जल्द अवैध खनन पर रोक नहीं लगी, तो वे प्रशासन कार्यालय के सामने सामूहिक आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि हमारी जान गई तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

### धमकी, गाली-गलौच और प्रशासन की चुप्पी से नाराज ग्रामीण

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी की ओर से बाहरी गुंडे बुलाकर महिलाओं व किसानों से गाली-गलौज और धक्कामुक्की की गई। इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो पूरा गांव एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेगा।

## गुलाबपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 42 किलो डोडा चूरा और बेलेनो कार जब्त, तस्कर फरार





**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा**

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसते हुए पुलिस ने सोमवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 42 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। यह मादक पदार्थ एक बेलेनो कार में छिपाकर ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। हालांकि, तस्कर मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया की 4 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध बेलेनो कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक कार को सड़क किनारे छोड़कर अपने साथी के साथ अंधेरे में फरार हो गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार की डिक्की की तलाशी ली, जिसमें तीन प्लास्टिक के कट्टों में कुल 42 किलो डोडा चूरा बरामद किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है । फरार तस्करों की तलाश जारी है । ये कार्रवाई थाना प्रभारी हनुमान सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोतीलाल , कांस्टेबल रमेश कुमार , कांस्टेबल सुभाष चन्द्र , कांस्टेबल श्रवण कुमार , कांस्टेबल रविन्द्र कुमार द्वारा अंजाम दी गई है ।

## स्टॉप स्टिक से पकड़ा गया नशे का सौदागर, कार से बरामद हुआ 45 किलो डोडाचूरा

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**

मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बेगूं थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने सोमवार को नेशनल हाईवे 27 पर नाकाबंदी के दौरान एक तस्कर को धर दबोचा। आरोपी के पास से 45.820 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया, जिसे वह कार में छिपाकर ले जा रहा था।



पुलिस में बताया की सोमवार को सूरतपुरा के पास जब एक सफेद रंग की कार नाकाबंदी के पास पहुंची, तो चालक ने अचानक वाहन मोड़ लिया और तेज़ रफ्तार से फरार होने का प्रयास किया। टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सड़क पर स्टॉप स्टिक लगाई, जिससे कार का टायर पंचर हो गया और उसे कुछ ही दूरी पर रोक लिया गया। पुलिस ने कार चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मांगीलाल पुत्र लादू लाल निवासी देवीसिंह जी का खेड़ा, थाना मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान पुलिस को कार की डिग्गी और पीछे की सीटों पर प्लास्टिक के 5 कट्टों में भरा 45.820 किलो डोडा चूरा मिला। बरामद माल को जब्त कर कार को सीज़ किया गया है । पुलिस में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज जाँच शुरू की है । पुलिस ने कार्रवाई बेगूं थानाधिकारी शिवलाल मीणा और पारसोली थानाधिकारी शिवराज राव के नेतृत्व में की है ।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# सरकारी स्कूलों के नामांकन बढ़ोतरी में भीलवाड़ा सहित पांच जिले अव्वल

## सरकारी स्कूलों के प्रति आमजन में बढा विश्वास

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ.चेतन ठठेरा**

राजस्थान में सरकारी स्कूलों में होने वाली अलग-अलग घटनाओं के पश्चात भी प्रदेश की आम जनता का विश्वास निजी स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूलों के प्रति अधिक बढा है। इस साल जुलाई 31 को समाप्त हुए प्रवेशोत्सव की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोगुनी वृद्धि इस विश्वास को दर्शाती है । नए शैक्षणिक क्षेत्र में नामांकन वर्दी में प्रदेश के भीलवाड़ा सहित पांच जिले टॉप पर रहे ।

प्रदेश में भारी बारिश और विद्यालयों में हुई दुर्घटनाओं के बावजूद भी आमजन का राजकीय विद्यालयों पर विश्वास बना हुआ है, प्रदेश में नामांकन में हुई बढ़ोतरी कुछ यही बता रही है। प्रवेशोत्सव के दौरान विगत वर्ष में 5 लाख 97 हजार से अधिक नामांकन हुआ था, जो इस वर्ष बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 12 लाख 27 हजार के पार पहुंच गया है। नामांकन में इस वृद्धि के कई कारक माने जा रहे हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा



परिणाम में आया सुधार, परख सर्वेक्षण में राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदर्शन इसके परिचायक हैं, वहीं स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब जैसी सुविधाएं विद्यालयों में मौजूद हैं।

पिछले साल 15 मई से 31 जुलाई के बीच राजकीय विद्यालयों में 5 लाख 97 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। यह आंकड़ा इस बार दोगुना बढ़ गया है। इस बार 16 मई से 31 जुलाई के बीच राजकीय विद्यालयों में 12 लाख 01 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त कर चुके हैं।

### नामांकन में ये पांच जिले अव्वल

नामांकन में सर्वाधिक नामांकन वाले पांच जिलों में उदयपुर, भीलवाड़ा, जयपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर का नाम सबसे ऊपर है।

इनमें उदयपुर में 57,596, भीलवाड़ा में 56,285, जयपुर में 53,530, बांसवाड़ा में 52,958 और बाड़मेर में 51,225 विद्यार्थियों ने नामांकन करवाया है। जहां तक बात छात्र-छात्राओं के नामांकन की है, उसमें छात्रों की नामांकन संख्या 6,06,664 और छात्राओं की नामांकन संख्या 5,95,215 हुई है।

### परख में भी राजस्थान राष्ट्रीय स्तर से आगे

पिछले दिनों शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि प्रदेश ने कई मामलों में राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। यह सर्वे कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थियों के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में पठन-पाठन क्षमता और समझ को परखने के लिए किया गया था। कक्षा तीन के भाषायी ज्ञान में राजस्थान का औसत 70त्न रहा, जो राष्ट्रीय औसत यानी 64त्न से बेहतर रहा। इसी तरह गणित में राजस्थान का औसत 66त्न, जबकि राष्ट्रीय औसत 60त्न रहा। कमोबेश यही स्थिति कक्षा 6 के नतीजों व कक्षा 9 के नतीजों में भी रही। शहरी के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। खास तौर पर बालिकाओं ने बेहतर अंक हासिल किए।

# वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता - मंत्री संजय शर्मा






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को भीलवाड़ा में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि सरकार वन क्षेत्र की सुरक्षा, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरणीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक अशोक कोठारी, गोपीचंद मीणा, उदयलाल भड़ाना, महापौर राकेश पाठक, कलेक्टर जसप्रीत सिंह संधू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने, प्लास्टिक पर रोक, ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय जागरूकता लाने जैसे सुझाव रखे गए। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलेभर में वन चौकियों व नाकों की स्थिति का आकलन कर जरूरत के अनुसार नवीन भवनों के प्रस्ताव तत्काल तैयार किए जाएं और हर पर्यावरणीय शिकायत पर त्वरित कार्यवाही हो। जिला कलेक्टर संधू ने जानकारी दी कि तीज पर्व पर 11 लाख पौधारोपण के लक्ष्य के विरुद्ध 13 लाख पौधे रोपित किए गए। उप वन संरक्षक गौरव गर्ग ने वनों की स्थिति, वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू ऑपरेशन, वॉच टावर स्थापना और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ब्यौरा दिया। उन्होंने हमीरगढ़ इको पार्क के विकास कार्यों और जल संरक्षण के प्रयासों की भी जानकारी दी। बैठक के पश्चात मंत्री शर्मा ने राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, मोखमपुरा गांधीनगर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को जन आंदोलन बनाएं – शर्मा

मंत्री संजय शर्मा का भीलवाड़ा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस में भव्य स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक गोपीचंद मीणा, उदयलाल भडाना, महापौर राकेश पाठक सहित वरिष्ठ नेताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया और प्रदेशवासियों से अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधा लगाने व उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 7.51 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं।

इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

# श्रावण के अंतिम सोमवार को हरिशेवा उदासीन आश्रम में सहस्त्रधारा अभिषेक सम्पन्न

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई शिव आराधना, श्रद्धालुओं ने जताई आस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरिशेवा उदासीन आश्रम स्थित श्री हरि सिद्धेश्वर मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के सान्निध्य में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



पूरे श्रावण मास में प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रुद्राभिषेक, शिव पाठ और सहस्त्रधारा अभिषेक हो रहे हैं, जिनका संचालन आचार्य सत्यनारायण शर्मा और पं. मनमोहन शर्मा द्वारा किया जा रहा है। अंतिम सोमवार का विशेष अभिषेक अशोक मूंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कई समाजसेवी भी शामिल हुए।

भगवान शिव का मनोहारी श्रृंगार और विविध द्रव्यों से रुद्राभिषेक कर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। स्वामी हंसराम ने श्रावण माह की महिमा बताते हुए कहा कि यह शिव भक्ति का सर्वोत्तम समय है, जिसमें की गई आराधना विशेष फल देती है।

मंदिर समिति ने जानकारी दी कि श्रावण स्तुति रक्षाबंधन तक चलेगी और समापन पर भंडारे का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की गूंजती भक्ति से मंदिर परिसर शिवमय बना हुआ है।

# सिंगोली चारभुजानाथ मंदिर में रुद्राभिषेक, सावन के चतुर्थ सोमवार को गूंजे वेदमंत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)** - सावन मास के चतुर्थ सोमवार को सिंगोली श्याम आत्मनिर्भर मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक किया गया। यह अनुष्ठान राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के तत्वावधान में मुख्य यजमान विधायक गोपाल खंडेलवाल के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि गर्भगृह में स्थापित



शिवलिंग पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक विधि से रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो गया। रुद्राभिषेक अनुष्ठान में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, वरिष्ठ नेता गोवर्धन वैष्णव, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, सिंगोली पंचायत प्रशासक राकेश आर्य,

मोटरों का खेड़ा प्रशासक प्रतिनिधि मूलचंद रेबारी, मुकुंदपुरिया प्रशासक हरजी रायका,

गजेंद्र साहू, मुकेश शर्मा, राधेश्याम सेन, श्यामलाल शर्मा, मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी, दिनेश सोनी और भंवरलाल शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करने वाले ग्रामीण को जान से मारने की धमकी




**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

मोटरों का खेड़ा गांव में वन भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करने पर ग्रामीण प्रभुलाल गुर्जर को जान से मारने की धमकियां मिली हैं। पीड़ित ने 30 जुलाई को बीगोद थाने में किशनलाल गुर्जर और विजयराम गुर्जर के खिलाफ रिपोर्ट दी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।

पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इससे पहले 9 जुलाई को भी फोन पर धमकाया गया था। प्रभुलाल का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस मामला जांच में उलझाकर ठंडे बस्ते में डाल रही है, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

### वन भूमि पर खेती, ट्यूबवेल और बिजली कनेक्शन

17 जुलाई को ग्रामीणों ने भी इस संबंध में जिला कलेक्टर और मुख्यमंत्री को शिकायत की है । जिसमे बताया गया है कि गांव की वन भूमिपर आरोपियों ने चारदीवारी, बिजली कनेक्शन व ट्यूबवेल लगाकर अवैध खेती शुरू कर दी है।मामले में तहसीलदार और क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, पीड़ित ने खुद को व परिवार को जान का खतरा बताया है और पुलिस व प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।



## QUICK BITES

# विश्व चैंपियन अश्विनी बिश्नोई का सेवादल कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में भारत का नाम रोशन करने वाली भीलवाड़ा की बेटी अश्विनी बिश्नोई के भीलवाड़ा आगमन पर कांग्रेस सेवादल की ओर से रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।

सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में अश्विनी के साथ पहुंचे पुर शिव व्यायामशाला के उस्ताद जगदीश बिश्नोई और कुश्ती कोच कल्याण बिश्नोई का भी अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर सेवादल उपाध्यक्ष कुंदन शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश अमरवाल, महासचिव शिवराज सुराणा, संदीप ट्रेलर, पूर्व पार्षद सुरेश बंभ, संगठन मंत्री श्यामलाल पाराशर सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे। सभी ने अश्विनी की ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अजीत जोशी बने विहिप के जिला मंत्री

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**



विश्व हिंदू परिषद की प्रांत स्तरीय बैठक राजसमंद में संपन्न हुई, जिसमें कस्बे के अजीत जोशी को विहिप का जिला मंत्री नियुक्त किया गया। यह जानकारी संगठन के राधाकिशन प्रजापत ने दी। जोशी पिछले 12 वर्षों से संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। वे पूर्व में प्रखंड संयोजक, प्रखंड मंत्री एवं बजरंग दल के जिला संयोजक जैसे पदों पर सक्रिय रहे हैं। अब उन्हें जिले स्तर पर विहिप की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नव नियुक्त जिला मंत्री अजीत जोशी ने कहा कि संगठन के माध्यम से हिंदू समाज के मान-बिंदुओं की रक्षा, लव जिहाद से बहन-बेटियों की सुरक्षा, धर्मांतरण पर रोक, गौरक्षा, समरसता और सेवा कार्यों को मजबूती से अंजाम दिया जाएगा।

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?


तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सावन के अंतिम सोमवार को शिव भक्ति में डूबा भीलवाड़ा, शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



भीलवाड़ा - जलाभिषेक करते हुए



बिजोलिया - श्रृंगारित तिलस्वा महादेव



मांडलगढ़ - जालेश्वर महादेव में महाकाल का भांग रूपी श्रृंगार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सावन के अंतिम सोमवार को वस्त्रनगरी भीलवाड़ा शिवमय हो उठी। शहर से लेकर गांवों तक हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गलियाँ गूंज उठीं। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र, आक और धतूरा चढ़ाकर भोलेनाथ को रिझाते दिखे।

शहर के मंगला चौक स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का हरी सब्जियों से अनोखा श्रृंगार किया गया, जिसमें टमाटर, भिंडी, शिमला मिर्च, फूलगोभी आदि शामिल रहीं। वहीं हरनी महादेव, मनोकामेश्वर महादेव, पिपलेश्वर महादेव और सांगानेर खाखरा वाले देवता सहित कई मंदिरों में विशेष अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किए गए।


तिलस्वां महादेव, मंदाकिनी महादेव, पातोला महादेव और अधरशिला जैसे शक्तिपीठों पर भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में शिव चालीसा पाठ, सहस्त्रधारा अभिषेक और विशेष पूजा-अनुष्ठान आयोजित किए गए। मांडलगढ़ के जालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का भांग रूपी महाकाल श्रृंगार किया गया। सायंकाल महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

गुरला स्थित सदाशिव मंदिर में शिवलिंग का पारंपरिक श्रृंगार चंदन, फूल, बेलपत्र, तिल, रुद्राक्ष, नाग देवता, डमरू, त्रिशूल आदि से कर पंचामृत अभिषेक किया गया। भव्य महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

# सावर में नर्सिंग स्टाफ का फूटा गुस्सा: बांदनवाड़ा सीएचसी में दुर्व्यवहार के खिलाफ ज्ञापन, विधायक के आश्वासन से शांत

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश मोटिस ) । बांदनवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नर्सिंग अधिकारी के साथ मारपीट की घटना के विरोध में राजस्थान नर्सेज संघ सावर ब्लॉक के नेतृत्व में सोमवार को उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और सीएचसी पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड व वार्ड बॉय की स्थायी नियुक्ति की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होने



पर राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह शेखावत, संभागीय संयोजक सुरेंद्र सिंह सोलंकी समेत स्टाफ ने घटना के विरोध में कार्य बहिष्कार किया। विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत मौके पर पहुंचे और संवाद कर आश्वासन दिया कि नर्सिंग स्टाफ की सुरक्षा में कोई समझौता नहीं होगा।

ज्ञापन देने वालों में बंटू लाल मीणा, शक्ति सिंह, रतन सामरिया, राहुल जांगिड़ समेत दर्जनों नर्सिंग अधिकारी शामिल रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सुरक्षा में कोई लापरवाही हुई, तो जिलेभर में सेवाएं ठप की जाएंगी।

# देवली से 90 किमी की पदयात्रा का कोटड़ी श्याम के दरबार में प्रवेश आज, मन्दिर पर चढ़ेगी धर्म ध्वजा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

आस्था के धाम कोटड़ी श्याम में देवली से 90 किमी की पैदल यात्रा पूरी कर मंगलवार को भक्त श्रीचारभुजानाथ के दरबार में मत्था टेकने पहुचेगे । ग्रामीण सोमवार को पद यात्रियों के प्रवेश के साथ ही आवभगत के लिए तैयारियों में जुटे रहे । ऐतिहासिक धार्मिक स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के प्रति आस्था के चलते जलझूलन महोत्सव से पूर्व देवली से बड़ी संख्या में भक्तों की टोली गाते बजाते हुए विगत 2



अगस्त को देवली से रवाना हुई । देवली से लगातार 26वीं विशाल पद यात्रा जहाजपुर, रोंपा, पारोली, कोठाज, छापड़ेल, सांखड़ा, बीरधोल होते हुए कोटड़ी पंहुचेगी। रास्ते में जिस कस्बे से भी पद यात्रा गुजरी वहां के प्रभू भक्त श्रद्धालु ने काफी उत्साह दिखाते हुए आवभगत करने में किसी प्रकार की कसर नहीं रखी। साथ ही एक-एक कर भक्तों का कांरवा भी जुड़ता गया ओर भक्त पैदल चलने को आतूर हो साथ में पैदल यात्रा में सरीक हो गए। पद यात्रा का सोमवार को बीरधोल मे रात्री विश्राम हुआ। वहीं मंगलवार को सवेरे कोटड़ी पंहुच श्रीचारभुजानाथ के यहां मत्था टेक धर्म घ्वजा को फहराएंगे। यात्रा में उपस्थित भक्त भगवान श्रीचारभुजानाथ पर आधारित भजनों के साथ मनमोहक प्रस्तूति पर नाचते-झूमते आगे बढ़ रहे है। यात्रा कमेटी के अध्यक्ष रामेश्वर लाल दीया, राजेन्द्र दिया ने बताया कि लगातार 26 वर्ष से देवली से बड़ी संख्या में भक्त कोटड़ी पंहुचते आ रहे है। प्रतिवर्ष भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट व ग्रामीणों द्वारा कस्बे में प्रवेश पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

# बिजोलिया ब्लॉक शिक्षा कार्यालय को ढाई साल बाद मिला नया एसीबीईओ

## सरकारी-गैरसरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हमारा संकल्प" – शर्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में ढाई साल से रिक्त चल रहे अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम पद पर आखिरकार नियुक्ति हो गई है। सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धमोतर, जिला प्रतापगढ़ के प्राचार्य कन्हैयालाल शर्मा ने नए एसीबीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। शर्मा मूल रूप से बिजोलिया निवासी हैं और पूर्व में भी नगर के राजकीय विद्यालयों में प्राचार्य सहित विभिन्न शैक्षणिक पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।गौरतलब है कि यह पद पूर्व एसीबीईओ नंदकिशोर डांगी के जनवरी 2023 में निधन के बाद से खाली पड़ा था। नियुक्ति के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव ने शर्मा को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा कार्यालय परिसर में डॉ. डी.एस. मेहर, दिलदार सिंह राजोरा, हितेन्द्र सिंह राजोरा, पायल लूनीवाल, मदनलाल धाकड़, निलेश सनाढ्य, शैतान प्रजापत, गौरव विजयवर्गीय गिरिराज मीणा, चंद्रशेखर मेवाड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जॉइनिंग के पश्चात एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा ने कहा कि उनका प्रथम उद्देश्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में समस्त कार्यों को पारदर्शिता और समयबद्धता से संपादित करना रहेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सरकारी और निजी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहायक माहौल बनाने पर बल दिया।वहीं, सीबीईओ मालीराम यादव ने भी शर्मा की नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लंबे समय से अतिरिक्त सीबीईओ पद रिक्त होने से विभागीय कार्यों में बाधाएं आ रही थीं, लेकिन अब इन कार्यों में गति आएगी। यादव ने शर्मा का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।फिलहाल अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय का पद अब भी रिक्त है, जिसकी शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि शिक्षा विभाग से जुड़े सभी प्रशासनिक दायित्व समय पर पूरे हो सकें।



# शक्करगढ़ हनुमत धाम में चारों दिशाओं से पहुंचे दो हजार से अधिक कावड़िए, पारदेश्वर शिवलिंग पर किया अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(दीनेश टाक)। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शक्करगढ़ स्थित संकटहरण हनुमत धाम में आयोजित कावड़ यात्रा में चारों दिशाओं से दो हजार से अधिक शिवभक्त पहुंचे। भक्तों ने दुपहिया वाहनों के माध्यम से विभिन्न तीर्थ स्थलों से पवित्र जल लाकर राजस्थान के पहले पारे से निर्मित 251 किलो वजनी शिवलिंग पर अभिषेक किया।

अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम के तत्वावधान में आयोजित इस कावड़ यात्रा में पूर्व दिशा से सतुर स्थित सिंधकेश्वर महादेव, पश्चिम दिशा से त्रिवेणी संगम, उत्तर दिशा से गाडौली महादेव व बनास नदी, और दक्षिण दिशा से तिलस्वा महादेव एवं सीता कुंड से कावड़िए रवाना हुए।



## पाइपलाइन से दस श्रद्धालुओं ने एक साथ किया जलाभिषेक

हनुमत धाम में शिवलिंग से जुड़ी विशेष पाइपलाइन की व्यवस्था की गई, जिससे दस श्रद्धालु एक साथ जलाभिषेक कर सके। कावड़ यात्रा के धाम पहुंचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

## 50 लीटर गन्ने के रस से हुआ विशेष रुद्राभिषेक

स्वामी जगदीश पुरी के सान्निध्य में 50 लीटर गन्ने के रस और 50 लीटर दूध के साथ रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान जयपुर से आए मुख्य यजमान प्रताप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक करवाया। पूरे आयोजन के दौरान हनुमत धाम 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की।

# पचानपुरा संपर्क मार्ग अधर में, ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## बोले– बरसात में जान जोखिम में, जल्द मिले बजट स्वीकृति

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

पचानपुरा ग्राम पंचायत में वर्षों से अधूरे पड़े संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का सब्र टूट गया। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि चांद जी की खेडी से पचानपुरा होते हुए राखोली तक का रास्ता वर्ष 2021 में प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद आज तक निर्माणाधीन है, क्योंकि वित्तीय मंजूरी अब तक नहीं मिल पाई है। इससे बरसात के मौसम में कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते से गुजरना ग्रामीणों के लिए मुश्किल भरा हो गया है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार आपातकाल में एम्बुलेंस व अन्य वाहन समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे जान पर बन आती है।

अब तक यहाँ मार्ग का निर्माण नहीं होने से बीमार चल रहे दो दर्जन से अधिक लोगो की समय पर इलाज नहीं मिलने से मौत भी हो गई है । ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि पूर्व में भी इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, मगर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आग्रह किया कि तत्काल बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इस दौरान अंकित तिवाड़ी, रामफूल धाकड़, अनिल राव, राहुल सेठिया, महेंद्र सिंह, भंवर सिंह, निर्मल रेगर, सुरेश चंद्र, भेरूलाल, कमलेश, किशनलाल सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।



# भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से भरी निकली मांडल-हरणी महादेव कांवड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्रावण मास के पावन अवसर पर मांडल कस्बे से हरणी महादेव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मांडल के ऐतिहासिक बड़ा महादेव मंदिर में पूर्व मंत्री रामलाल जाट द्वारा जलाभिषेक के साथ शुरू हुई। करीब 21 किलोमीटर की इस पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने ऋषिकेश और हरिद्वार से लाया गया गंगाजल कांवड़ में भरकर भोलेनाथ को अर्पित किया।

यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने सेवा शिविर लगाकर जलपान व विश्राम की व्यवस्था की। यात्रा में महाकाल की झांकियां, बोल बम के जयघोष, और भक्ति गीतों पर झूमते कांवड़िए पूरे वातावरण को शिवमय कर रहे थे।





यह कांवड़ यात्रा मांडल क्षेत्र से लगातार चौथी बार निकाली गई । इस आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और हरणी महादेव पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

# अखिल भारतीय दाधीच महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया लहरिया उत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा

अखिल भारतवर्षीय दाधीच महासभा प्रकोष्ठ की महिला मंडल, गुलाबपुरा-हुरड़ा द्वारा लहरिया महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में गणेश मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने लहरिया नृत्य, गीत, खेल एवं 16 श्रृंगार प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में मंजू लक्ष्कार, मधु मेवाड़ा और रेखा शर्मा ने विजेताओं का चयन किया। लहरिया श्रृंगार में अंतिम दाधीच प्रथम व स्वाति दाधीच द्वितीय रही। खेल प्रतियोगिता में प्रिया शर्मा, प्रियंका शर्मा, अदिति शर्मा और स्वाति को पुरस्कार मिले। इस अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया, जिसमें बिल्व पत्र का वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सुमित्रा जोशी, मंजू लता शर्मा, कैलाश शर्मा, पिंकी शर्मा, चंदनबाला दाधीच, मोनिका, शिमला शर्मा, रेनू, सुनीता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## QUICK BITES

### द्वारका से 1008 किमी की डाक कावड़ यात्रा, नीलेश्वर महादेव का पावन जल से अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



राजेन्द्र बबलू पोखरना

श्रावण मास के चौथे सोमवार को कोटड़ी स्थित नीलेश्वर महादेव का अभिषेक द्वारिका की गोमती नदी से लाए पवित्र जल से किया गया। 75 भक्तों की डाक कावड़ टोली ने महज 75 घंटे में 1008 किमी की दूरी तय कर यह जल कोटड़ी पहुंचाया। श्रीचारभुजा युवा शक्ति संगठन व संरक्षक पूर्व प्रधान जमनालाल डिडवानिया के सान्निध्य में निकली यह यात्रा शुक्रवार को द्वारिकाधीश मंदिर से रवाना हुई थी। सोमवार को कोटड़ी पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ कावड़ियों का स्वागत किया गया। कावड़ यात्रा श्रीचारभुजानाथ दरबार, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार होते हुए मन्दिर पहुंची, जहां भक्तों ने 108 परिक्रमाएं कर मत्था टेका। इस पवित्र जल से कोटड़ी कस्बे के अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक किया जाएगा। साथ ही, जलझूलनी एकादशी के दशमी अभिषेक हेतु भी जल को मंदिर के गर्भगृह में सुरक्षित रखा गया है।

### राजकुमार माली बने माली (सैनी) महासभा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष

#### प्रदेश महामंत्री ने किया मनोनयन, जिले में कार्यकारिणी गठन की जिम्मेदारी सौंपी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा की जिला इकाई को नई सशक्त कड़ी मिली है। महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार माली (गढ़वाल) को जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति महासभा के भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली की अनुशंसा पर की गई है। नियुक्ति पत्र में प्रदेश महामंत्री ने निर्देश दिए हैं कि राजकुमार माली शीघ्र ही जिले में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया में सहयोग करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदेश मुख्यालय को प्रेषित करें।

राजकुमार माली की इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति से माली (सैनी) समाज में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। समाजजनों ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला कदम बताया है।

### परिश्रम संस्थान का गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, पांच वर्षों की सफलता को किया समर्पित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



मानव तिवाड़ी

स्थानीय शिक्षा क्षेत्र में पहचान बना चुके परिश्रम संस्थान ने अपना स्थापना दिवस 'गौरव दिवस' के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर निदेशक सौरभ शर्मा, शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने संस्थान की पांच वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया। इन वर्षों में परिश्रम संस्थान ने उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम दिए और हजारों विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व दिशा का संचार किया। निदेशक सौरभ शर्मा ने कहा, जब परिश्रम की शुरुआत की थी, तब बस एक सपना था , ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना। यह सपना आप सभी के विश्वास और सहयोग से साकार हो पाया है।गौरव दिवस पर सफल छात्रों का सम्मान किया गया तथा सभी ने समाज के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहने की शपथ ली।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।